# <u>ब्रेन इंटरनेशनल स्कूल</u>

**सत्र 2024-25**

**कक्षा - 6** **सत्र 1 पुनरावृत्ति पत्रक** **विषय : हिंदी**

**अपठित बोध**

**प्रश्न 1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

'समाज की प्रगति और व्यक्तियों की उन्नति के लिए शिक्षा का महत्त्व अत्यधिक है। आज के युग में, शिक्षा न केवल ज्ञान प्राप्ति का साधन है बल्कि यह एक मजबूत आधार प्रदान करती है जिससे व्यक्ति अपने सपनों को साकार कर सकता है। शिक्षा से ही व्यक्ति में सोचने की क्षमता, सृजनात्मकता और निर्णय लेने की क्षमता विकसित होती है। इसके अलावा शिक्षा के माध्यम से समाज में समानता और न्याय स्थापित करने की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम उठाए जाते हैं। जब एक व्यक्ति शिक्षित होता है तो वह न केवल अपनी व्यक्तिगत समस्याओं का समाधान बेहतर तरीके से कर सकता है बल्कि समाज में भी सकारात्मक योगदान दे सकता है।'

**क)** शिक्षा का महत्त्व किस बात पर निर्भर करता है?

i) केवल ज्ञान प्राप्ति पर
ii) केवल आर्थिक समृद्धि पर
iii) समाज में समानता और न्याय स्थापित करने में
iv) व्यक्तिगत समस्याओं के समाधान में

ख) शिक्षा के माध्यम से किस चीज के विकास की बात की गई है?

i) शारीरिक शक्ति

ii) सृजनात्मकता और सोचने की क्षमता

iii) धन और संपत्ति

iv) सामाजिक स्थिति

ग) शिक्षा व्यक्ति के किस पहलू में मदद करती है?

घ) शिक्षा के माध्यम से समाज में किस दिशा में कदम उठाए जाते हैं?

ङ) शिक्षा से व्यक्ति को कौन-कौन सी क्षमताएँ प्राप्त होती हैं?

## व्याकरण

**प्रश्न 2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**क) निम्नलिखित शब्दों का वर्ण-विच्छेद करें।**

भालू, पुस्तक, सूर्य, घर, नदी

ख) **निम्नलिखित शब्दों का लिंग बदलिए।**

लेखक, कवि, शेर, भाई

**ग) निम्नलिखित शब्दों को भाववाचक संज्ञा में बदलिए।**

बच्चा, मीठा , उड़ना, अपना

घ) **निम्नलिखित शब्दों में से रूढ़, यौगिक और योगरूढ़ शब्दों को छाँटकर लिखिए।**

पाठशाला, पंकज, पुस्तक, पुस्तकालय, गजानन, पंखा

ङ) **निम्नलिखित वाक्यों में कर्म के आधार पर क्रिया के भेद बताइए।**

i) राम खाना खा रहा है।

ii) मैंने किताब पढ़ी।

iii) वह दौड़ता है।

iv) सूरज पूर्व में उगता है।

**च) दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।**

अंधकार, क्रय, मित्र, उच्च

छ) **दिए गए वाक्यों में रेखांकित शब्दों में कारक का भेद बताइए।**

i) **<u>राम ने</u>** खाना खाया

ii) राम ने **<u>चाकू से</u>** सब्जी काटी।

iii) मैंने **<u>सीता को</u>** पुस्तक दी।

iv) राम **<u>कक्षा में</u>** पढ़ता है।

v) वह **<u>पेड़ से</u>** गिरा।

ज) **दिए गए मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए।**

i. गाँठ बाँधना

ii. गरदन पर सवार होना

**क) दिए गए वाक्यों में सर्वनाम शब्द रेखांकित कर भेद का नाम बताइए।**

i) **<u>जो</u>** व्यक्ति ईमानदार होता है, **<u>वह</u>** सफल होता है।

ii) **<u>कोई</u>** व्यक्ति दरवाजे पर खड़ा है।

iii) **<u>वह</u>** मेरा मित्र है।

iv) मैं **<u>अपना</u>** कार्य खुद करता हूँ।

**प्रश्न 3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**ख) दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।**

बालक, बहन

**ग) दिए गए वाक्यों में विशेषण शब्द रेखांकित कर भेद का नाम बताइए।**

i) राम एक मेहनती लड़का है।

ii) मेरे पास थोड़ा पानी है।

iii) उसने तीन सेब खाए।

**घ) दिए गए वाक्यों में रेखांकित शब्दों का लिंग परिवर्तन करके वाक्य पुनः लिखिए।**

i) वह **लड़का** स्कूल जाता है।

ii) **शेर** जंगल का राजा है।

iii) **भाई** खाना खा रहा है।

**ङ) दिए गए शब्दों का बहुवचन रूप लिखिए।**

लड़का, पुस्तक, बच्चा

**च) दिए गए अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए।**

जिसकी तुलना न की जा सके -

जो जीता न जा सके -

## पाठ्यपुस्तक

### वह चिड़िया जो

क) कविता 'वह चिड़िया जो' का मुख्य पात्र कौन है?

ख) कविता में चिड़िया का जीवन किस प्रकार का वर्णित किया गया है?

ग) कविता के माध्यम से कवि की कौन-सी भावनाएँ व्यक्त की गई हैं?

घ) कविता 'वह चिड़िया जो' का मुख्य संदेश क्या है?

ङ) कविता 'वह चिड़िया जो' में कवि ने चिड़िया के कौन-से गुणों को विशेष रूप से उजागर किया है?

### बचपन

**क**) लेखिका को सप्ताह में कितनी बार चॉकलेट खरीदने की छूट थी?

**ख**) हर शनिवार को लेखिका को क्या पीना पड़ता था?

**ग**) दुकान में किस ट्रेन का मॉडल था?

**घ**) उम्र बढ़ने के साथ-साथ लेखिका के पहनावे में क्या-क्या बदलाव हुए हैं?

**ङ**) लेखिका बचपन में कैसी पोशाक पहना करती थी?

### नादान दोस्त

**क)** श्यामा ने माँ को यह क्यों नहीं बताया कि दरवाज़ा केशव ने खोला था?

**ख)** बच्चों के मन में क्या जिज्ञासा थी?

**ग)** चिड़िया ने अंडे कहाँ दिए थे?

घ) नादान दोस्त पाठ से हमें क्या सीख मिलती है?

ङ) नादान दोस्त कहानी में किन्हें नादान कहा गया है और क्यों?

## चाँद से गप्पें

**क**) चाँद से गप्पें कौन लड़ा रहा है?

**ख**) चाँद को कैसी बीमारी है?

**ग**) चाँद की पोशाक की क्या विशेषता है?

**घ**) यह 'मरज़' आपको अच्छा ही नहीं होने में आता है, का आशय स्पष्ट कीजिए।

**ङ**) कविता "चाँद से थोड़ी-सी गप्पें" के कवि कौन हैं?

## "साथी हाथ बढ़ाना"

क) गीत "साथी हाथ बढ़ाना" का मुख्य संदेश क्या है?

ख) गीत "साथी हाथ बढ़ाना" में कवि ने किस भाव को प्रमुखता दी है?

ग) गीत में 'साथी हाथ बढ़ाना' का क्या अर्थ है?

घ) गीत "साथी हाथ बढ़ाना" की धुन किस प्रकार की है?

ङ) गीत "साथी हाथ बढ़ाना" के कवि कौन हैं?

## ऐसे-ऐसे

**क**) मोहन ने पिता के दफ़्तर में क्या खाया था?

**ख**) वैद्य जी को बुलाकर कौन लाया?

**ग**) वैद्य जी ने मोहन को देखने के बाद क्या कहा?

**घ**) मोहन ने क्या बहाना बनाया?

**ङ**) मोहन की हालत देख माँ क्यों अधिक परेशान थी?

## टिकट अलबम

**क**) अब किसके अलबम की पूछ नहीं रह गई थी?

**ख**) आजकल लड़के किसे घेरे रहते थे और क्यों?

**ग**) लड़कियों ने नागराजन से अलबम किसे माँगने भेजा और क्यों?

**घ**) राजप्पा ने सरपंच के लड़के से क्या कहा?

**ङ**) राजप्पा ने अलबम क्यों छिपा दिया?

## रचनात्मक लेखन

प्रश्न 5. 'प्रदूषण: एक विकट समस्या' विषय पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए ।

प्रश्न 6. 'राम और शिक्षक' के बीच पढ़ाई के महत्त्व पर लगभग 60 - 80 शब्दों में संवाद लिखिए ।

प्रश्न 7. अपने भाई को परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए बधाई संदेश लगभग 60 - 80 शब्दों में लिखिए।

प्रश्न 8. 'स्वच्छता अभियान' विषय पर लगभग 20 - 30 शब्दों में नारा लिखिए।

प्रश्न 9. अपने इलाके के निगम पार्षद को पार्क की सफाई के लिए पत्र लिखिए।